**10/09**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में भागलपुर-दुमका-रामपुरहाट एकल रेलवे लाइन खंड के 177 किलोमीटर लंबे दोहरीकरण को मंजूरी दे दी है, जिसकी कुल लागत लगभग 3,169 करोड़ रुपये है। मंत्रिमंडल ने हाइब्रिड एन्युइटी मोड पर बिहार के बक्सर-भागलपुर हाई-स्पीड कॉरिडोर के 4-लेन ग्रीनफील्ड एक्सेस-नियंत्रित मोकामा-मुंगेर खंड के निर्माण को भी मंजूरी दी है, जिसकी कुल परियोजना लंबाई 82 किलोमीटर से अधिक और कुल पूंजीगत लागत 4,447 करोड़ रुपये से अधिक है।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक, ने श्री चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन को भारत के 15वें उपराष्ट्रपति चुने जाने पर हार्दिक बधाई दी है। राज्यपाल ने कहा कि इस प्रतिष्ठित पद पर श्री राधाकृष्णन का चुनाव उनके नेतृत्व, ईमानदारी और राष्ट्र के प्रति उनकी दीर्घकालिक सेवा में व्यक्त गहरे विश्वास और भरोसे को दर्शाता है। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री राधाकृष्णन के मार्गदर्शन में, राज्यसभा में ग़रिमा, समावेशिता और रचनात्मक भावना से भरपूर विचार-विमर्श होगा, जो हमारे राष्ट्र के लोकतांत्रिक मूल्यों को और मजबूत करेगा। राज्यपाल ने नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति को उनके सफल और संपूर्ण कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं है।

00000000000000000000000

मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने आज राज्य में रोपवे के संभावित विकास पर चर्चा के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अध्यक्ष विनय कुमार के साथ बैठक की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, मुख्य सचिव ने इस बात पर ज़ोर दिया कि इस तरह के बुनियादी ढाँचे से हमारे विविध और चुनौतीपूर्ण भूभाग में कनेक्टिविटी और पहुँच में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है, जिससे राज्य के समावेशी सामाजिक-आर्थिक विकास को बल मिलेगा।

00000000000000000000000

आज ईटानगर स्थित अरुणाचल प्रदेश विधान सभा के डी.के. ऑडिटोरियम हॉल में अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (APPSCCE) 2024 के 140 चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपने के लिए आयोजित एक समारोह के दौरान मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि राज्य सरकार ने शासन में जबरदस्त सुधार किए हैं और एक पारदर्शी प्रणाली विकसित की है जहाँ भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र में नौकरशाही स्थायी संरचना है और उनकी ईमानदारी और दक्षता राज्य के विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से हैं।

इस अवसर पर, नवनियुक्त उम्मीदवारों को राज्य के मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री चाउना मेन, विधानसभा अध्यक्ष तेसांग पोंगटे एवं कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहें।

0000000000000000000000

हिमाचल प्रदेश में हाल में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज मुख्यमंत्री राहत कोष से पाँच करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की। स्वीकृत राशि हिमाचल प्रदेश आपदा राहत कोष-2025 में दान की जाएगी, जिसकी स्थापना हिमाचल प्रदेश सरकार ने संसाधन जुटाने और विनाशकारी प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों को व्यापक राहत प्रदान करने के लिए की है। इस बीच, मुख्यमंत्री खांडू ने बाढ़ से हुए नुकसान और कठिनाई पर गहरी चिंता व्यक्त की और संकट के समय में सभी नागरिकों के साथ खड़े रहने की अरुणाचल प्रदेश की प्रतिबद्धता दोहराई।

0000000000000000000000

जनता में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से अरुणाचल प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग की एक टीम ने, अपने चेयरपर्सन बामांग तागो के नेतृत्व में, कुरुंग कुमे ज़िले में मानवाधिकार जागरूकता पर आज से तीन दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम शुरू किया है, जिसकी शुरुआत संग्राम से की गई।

कार्यक्रम में गाँव बुढा, पंचायत नेता, शिक्षक, गैर-सरकारी संगठन, महिला संगठन, कानूनी पेशेवर, मानवाधिकार कार्यकर्ता, ज़िला अधिकारी एवं युवा शामिल हुए। यह जागरूकता पहल अरुणाचल नागरिक अधिकारों के सहयोग से आयोजित की जा रही है, जो ज़मीनी स्तर पर मानवाधिकारों के ज्ञान और संरक्षण को मज़बूत करने के एक संयुक्त प्रयास को दर्शाती है।

0000000000000000000000

गणित शिक्षण को अधिक आनंददायक, गतिविधि-आधारित और नवीन बनाने के उद्देश्य से RIWATCH एवं DDSE कार्यालय रोइंग द्वारा आज पंचायत भवन में संयुक्त रूप से मिडिल स्तर के विद्यालयों में मैथमैटिक्स लैब बनाने पर एक व्याख्यान-सह-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में सुमंथान लर्निंग रिसोर्सेज, पुणे के डायरेक्टर, राहुल कोकिल ने शिर्कत की। उन्होंने पूर्वोत्तर भारत सहित 20 से अधिक मैथमैटिक्स लैब्स की स्थापना में अपनी भूमिका निभाई है। रोइंग और आसपास के 25 विद्यालयों के कुल 29 मैथमैटिक्स टीचर्स ने कार्यक्रम में भाग लिया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 10 जिलों ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, शी योमी, अपर सियांग, वेस्ट सियांग, दिबांग वैली, आंजाव और नामसाई के लिये अगले 24 घंटों मे ग़रज के साथ बोजली गिरने और बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

00000000000000000000000